नव भारत
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




6 परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना




6 बस, तुम : प्रेम की विलक्षणता की कविताएँ



7 सुखी जीवन के लिए वास्तु सिद्धांत और उपाय



8 ईशा सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पर साधा निशाना

## एक नजर में



### भारत की बेटी ऑस्ट्रेलिया में डिप्टी हाई कमिश्नर

मनाली. लाहौल-स्पीति जिले की इरीना ठाकुर को ऑस्ट्रेलिया में भारत की डिप्टी हाई कमिश्नर नियुक्त किया गया है. वह कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग में यह जिम्मेदारी संभालेंगी. इरीना ने 2012 में सिविल सेवा परीक्षा पास कर भारतीय विदेश सेवा में प्रवेश किया था. सीएम ऑफिस ने एक पोस्ट में लिखा कि लाहौल-स्पीति के शंशा गांव निवासी एवं भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी इरीना को ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग में डिप्टी हाई कमिश्नर नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. इरीना की उपलब्धियां अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेंगी.

# मोदी की मणिपुर को सौगात

**8500** करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास | **2023** में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा | **51** किमी लंबी मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटि

**इंफाल 13 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ और इंफाल में 1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं की शिलान्यास और उद्घाटन किया। मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा है।**

प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा- मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। चुराचांदपुर में पीएम ने कहा- मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए और इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की।



वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किलोमीटर लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटि हो गई है। पीएम ने कहा, लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक पॉलिटिक्स कर रही हैं, जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में हैं। बता दें कि इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं।

### संबोधन की 5 बड़ी बातें

- मणिपुर, मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है.
- हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है.
- मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है. जरूरत इस बात की है कि हम संवाद का रास्ता निरंतर मजबूत करें.
- मणिपुर आशा और उम्मीद की भूमि है. दुर्भाग्य से हिंसा से इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था.
- किसी भी क्षेत्र में विकास के लिए शांति जरूरी है. पिछले 11 सालों में, पूर्वोत्तर में कई संघर्ष समाप्त हुए हैं. लोगों ने विकास को प्राथमिकता देते हुए शांति का मार्ग चुना है.

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली के खिलाफ एफआईआर दर्ज

▶ युवाओं की हत्या करवाने का लगाया आरोप

**काठमांडू 13 सितंबर. नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को एफआईआर दर्ज की गई। आरोप लगाया गया है कि ओली ने ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर गोली चलवाने का आदेश दिया था।**

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस गोलीबारी में 17 से 45 वर्ष के बीच के एक दर्जन से ज्यादा युवक मारे गए और कई अन्य घायल हुए थे। एफआईआर पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता अभिषेक प्रताप शाह ने कपिलवस्तु जिले के मुख्य जिला अधिकारी दिल कुमार तमांग के माध्यम से न्यू बनेश्वर



मेट्रोपॉलिटन पुलिस सर्कल में दर्ज कराई है। शिकायत में ओली पर हत्या का आरोप लगाया गया है और घटना की गहन जांच के साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट व घटनास्थल से जुड़े दस्तावेजों को सबूत के रूप में शामिल करने की मांग की गई है। गौरतलब है कि नेपाल में 8 सितंबर 2025 को युवाओं ने सोशल मीडिया पर बैन और सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू किया था।

### मोदी ने नेपाल की प्रधानमंत्री के दी बधाई

नयी दिल्ली 13 सितंबर (वार्ता). प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुशीला कार्की को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शनिवार को कार्की को शुभकामना देते हुए लिखा, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पद ग्रहण करने पर सुशीला कार्की को हार्दिक शुभकामनाएं। नेपाल के भाई-बहनों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत पूरी

# बाबूजी की पुण्यतिथि : पर्यावरण पर विचार मंथन



**ब्यावरा 13 सितम्बर, नवभारत के पितृपुरुष बाबूजी स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी की पुण्यतिथि पर ब्यावरा शहर में आयोजित विचार मंथन कार्यक्रम में पर्यावरण से जुड़े विषय पर देश, प्रदेश के वक्ताओं, पर्यावरणविदों ने अपने विचार प्रस्तुत किए.**

इस वर्ष रखे गए विषय प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ और दुनिया पर गहराते संकट पर वक्ताओं ने अपना चिंतन व्यक्त किया. इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में अलवर राजस्थान से आए डॉ. राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश जोशी नई दिल्ली, सतना से पधार पद्मश्री बाबूलाल दाहिया, खण्डवा के वरिष्ठ पत्रकार जय नागड़ा सहित राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, विधायक मोहन शर्मा नरसिंहगढ़, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर मंच पर मौजूद रहे. सभी ने कार्यक्रम के पूर्व बाबूजी के चित्र के समझ दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की. सभी वक्ताओं ने बेबाकी से पर्यावरण के विषय पर अपने विचार रखे. देर शाम काव्य निशा का आयोजन किया गया जिसमें सभी विधाओं के 9 कवियों ने अपने रचनापाठ किए.

# कर्नाटक में गणेश विसर्जन के दौरान जुलूस में ट्रक घुसने से 9 लोगों की मौत

**हासन 13 सितंबर.** कर्नाटक के हासन में शुक्रवार की देर रात एक बड़ा हादसा हो गया. यहां गणेश विसर्जन के दौरान एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ में जा घुसा, जिससे 9 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. जानकारी के मुताबिक एक कंटेनर वाहन हासन से होलेनरसीपुर की ओर जा रहा था और बाइक को टक्कर मारने से बचने के लिए वाहन जुलूस में घुस गया.

हादसे पर पीएम मोदी ने दुख व्यक्त किया है. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि कर्नाटक के हासन में हुई दुर्घटना हृदयविदारक है. इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. इसी के साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है.

# चीन पर 100% टैरिफ लगाएं नाटो

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया आह्वान

**वाशिंगटन, 13 सितंबर (वार्ता) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से रूस से कच्चे तेल का आयात बंद करने और चीन पर 50 से 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने का आह्वान किया.**

ट्रंप ने ट्रुथसोशल पर शनिवार को नाटो देशों को लिखे एक पत्र को सार्वजनिक किया है. इसमें नाटो पर रूस के खिलाफ जीतने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता न दिखाने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि कुछ देशों का रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखना स्तब्धकारी है. उन्होंने सभी नाटो देशों के तैयार होने के बाद रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की भी बात कही है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि रूस से तेल खरीद जारी रखने से उसके साथ आपकी सौदेबाजी की क्षमता प्रभावित होती है. उन्होंने कहा है कि वह रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं और नाटो देश जब इसके लिए तैयार हों तो बता दें. ट्रंप की राय में यह कदम इस युद्ध को समाप्त करने में बेहद मददगार होगा.

# कांग्रेस आईटी सेल पर एफआईआर

## पीएम मोदी की मां के एआई वीडियो को लेकर कार्रवाई

**नई दिल्ली 13 सितंबर .** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी की छवि बिगाड़ने वाले एक डीपफेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है.

बीजेपी की शिकायत पर कांग्रेस और कांग्रेस आईटी सेल के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. यह शिकायत बीजेपी दिल्ली चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकित गुप्ता ने दी थी. उन्होंने आरोप लगाया कि 10 सितंबर 2025 को शाम 6.12 बजे कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल आईएनसी बिहार से प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर एक एआई जनरेटेड फर्जी वीडियो जारी किया गया. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां की छवि को अपमानजनक तरीके से दिखाया गया था.

दिल्ली पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आईटी एक्ट और डिजिटल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट की प्रासंगिक धाराओं में एफआईआर दर्ज की है.

विहिप सेमिनार ▶ आंख खोलकर और विवेक से हो न्याय : डॉ. मोहन यादव

# कानून से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : सीएम




नव भारत न्यूज

**इंदौर. न्याय की देवी की आंख पर बंधी पट्टी को अब खोल दिया गया है. इससे हमें यह संदेश मिला है कि न्याय आंख बंद कर नहीं, बल्कि आंख खोलकर और विवेक के साथ होना चाहिए. न्याय व्यवस्था में मन की पवित्रता और पंचों का निष्पक्ष निर्णय ही असली न्याय है. हमें अपनी भारतीय संस्कृति और न्याय परंपरा पर गर्व है.**

यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के सम्मेलन में कही. विहिप विधि प्रकोष्ठ का दो दिवसीय सेमिनार मधुमिलन गार्डन में आज से शुरू हुआ है. सेमिनार में बतौर विशेष अतिथि संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है. मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए समान है और उसके साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.कार्यक्रम में विहिप अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार , विहिप संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन, संयोजक विधि प्रकोष्ठ डॉ. अभिषेक अत्रे, सचिव स्वामी जितेन्द्रानंद एवं पूर्व न्यायधीश व्ही.एस. कोकजे मौजूद थे.

### ▶ कुछ और कानून पाइप लाइन में : मंत्री मेघवाल

केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में दर्शन के चिंतन मनन और मंथन से अमृत निकला है. उसी अनुसार कानून बने है और निश्चित तौर पर इसका लाभ समाज को मिलेगा. अभी जो कानून बने है और जो बनाए जा रहे हैं. वे भारतीय संस्कृति की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे. कुछ कानून पाइप लाइन में है, जिसमें समय भी एक विषय है. इसके अलावा विहिप ने विधि प्रकोष्ठ से भी कानून को लेकर सुझाव आए है और मिलेंगे . उस पर भी चर्चा कर कानून बनाने पर विचार किया जाएगा.




अधिक जानकारी के लिए ईसीजीसी के निकटतम कार्यालय से संपर्क करें।
For more information, contact your nearest ECGC Office

ई सी जी सी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: ईसीजीसी भवन, सीटीएस नं. 393, 393/1 से 45, एम. वी. रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 069, महाराष्ट्र, भारत।
दूरभाष: 6659 0500 / 6659 0510 | टोल फ्री: 1800-22-4500
ई-मेल: marketing@ecgc.in | वेबसाईट: www.ecgc.in

ECGC Limited (A Government of India Enterprise)
Registered Office: ECGC Bhawan, CTS No. 393, 393/1 to 45, M. V. Road, Andheri (East), Mumbai - 400 069, Maharashtra, India.
Tel.: 6659 0500 / 6659 0510 | Toll Free: 1800-22-4500
E-mail: marketing@ecgc.in | Website: www.ecgc.in

बीमा आग्रह का विषय है।
IRDAI Regn. No. 124 | CIN No. U74999MH1957GOI010918 | @ecgclimited | ECGC LTD | ECGC LTD Mumbai
ECGC/NMD/02/25-26
आप निर्यात पर ध्यान केंद्रित करें, हम जोखिम से रक्षा प्रदान करेंगे. | You focus on exports. We cover the risks.